दिनांक: 03.09.2024

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई ने डमी स्कूलों की समस्या को रोकने के लिए की कार्रवाई**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आज राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 27 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इन निरीक्षणों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बोर्ड से संबद्ध स्कूल सीबीएसई द्वारा निर्धारित मानदंडों और उप-विधियों का सख्ती से पालन कर रहे हैं।

ये निरीक्षण 27 टीमों द्वारा किए गए, जहाँ प्रत्येक टीम में एक सीबीएसई अधिकारी और सीबीएसई से संबद्ध स्कूल के एक प्रधानाचार्य शामिल थे। इन निरीक्षणों को बहुत ही योजनाबद्ध और समन्वित तरीके से पूरा किया गया जो कि सभी चयनित स्कूलों में एक साथ और बहुत कम समय अवधि में संपन्न हुए। इस तरह के दृष्टिकोण को अपनाने का उद्देश्य कार्य को आश्चर्यजनक ढंग से किए जाने का तत्व बनाए रखना था, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि स्कूलों के संचालन और उनके द्वारा अनुपालना किए जाने के बारे में जो जानकारी एकत्र की जाए, वह सटीक हो और उनके दैनिक कार्यों को सही ढंग से प्रतिबिंबित करे।

सीबीएसई शिक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी संबद्ध स्कूलों से अपेक्षा करता है कि वे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। इन निरीक्षणों के निष्कर्षों की व्यापक रूप से समीक्षा की जाएगी और अनुपालन न किए जाने के मामलों में उचित कार्रवाई की जाएगी।

सीबीएसई कड़ी निगरानी करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है और यह सुनिश्चित करने के लिए आगे इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रखे जाएंगे कि संबद्ध स्कूल बोर्ड द्वारा अपेक्षित गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखें।

**हस्ता/-**

**सचिव, सीबीएसई**

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in